दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 71 मुरादाबाद 04 July 2022 (Monday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## आगरा में गल्ला व्यापारी और पत्नी की हत्या, कमरे में मिले खून से सने शव, आक्रोशित व्यापारियों ने बाजार किया बंद




उत्तर प्रदेश में आगरा जिले के पिनाहट कस्बे में दोहरे हत्याकांड से सनसनी फैल गई। यहां के मोहल्ला मार में गल्ला व्यापारी 70 वर्षीय सुरेश चंद्र गुप्ता और उनकी पत्नी 65 वर्षीय कृष्णा की बेरहमी से हत्या कर दी गई। रविवार दोपहर तक जब व्यापारी घर से नहीं निकले तो पड़ोसियों को शक हुआ। लोगों ने घर में जाकर देखा, तो वहां का दृश्य देख उनके होश उड़ गए। गल्ला व्यापारी और उनकी पत्नी का खून से सना शव फर्श पर पड़ा हुआ था। इसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस के साथ एसपी पूर्वी सोमेंद्र मीणा भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद लोगों से मामले की जानकारी ली। पति-पत्नी के गले पर निशान हैं।

घर का सामान बिखरा हुआ था। पुलिस का कहना है कि हत्या कर लूटपाट की गई है।लोगों ने बताया कि सुरेश चंद्र गुप्ता का पिनाहट में गल्ले की आढ़त और तेल मिल है। शनिवार को वह अपने बेटे के पास आगरा आए थे। शाम 4-30 बजे लौटकर पिनाहट पहुंचे। उन्होंने मिल को खोला था। शाम 7:30 बजे मिल को बंद कर अपने घर चले गए। रविवार दोपहर 12:00 बजे तक वह घर से नहीं निकले। अमूमन जल्दी घर से बाहर आ जाते थे। घर के दरवाजे खुले हुए थे। पड़ोसियों ने घर में घुसकर देखा तो प्रथम तल पर कमरे में सुरेश चंद्र गुप्ता बेड पर लहूलुहान पड़े थे। उनकी पत्नी फर्श पर पड़ी थी। पड़ोसी ने शोर मचाया तो अन्य लोग पहुंच गए।

एसपी पूर्वी सोमेंद्र मीणा पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। एसपी पूर्वी ने बताया कि सुरेश चंद गुप्ता के कपड़े गीले हैं। घर में सामान बिखरा हुआ है। आशंका है कि बदमाशों ने लूटपाट के दौरान पति और पत्नी की हत्या की है।पुलिस के अनुसार इनवर्टर ऊपर के कमरे में रहता था, लेकिन वह नीचे रखा हुआ मिला है। मोहल्ले में कई घरों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। उनकी पुलिस रिकॉर्डिंग खंगाल रही है। उधर, घटना के बाद लोगों में आक्रोश है। जल्द खुलासे की मांग को लेकर व्यापारियों ने कस्बे का बाजार बंद कर दिया।

## फिर एक होंगे अखिलेश और मायावती? राजभर बोले-बसपा ने जानबूझकर नहीं उतारा था रामपुर में प्रत्याशी



समाजवादी पार्टी के रामपुर और आजमगढ़ उपचुनाव की हार सुभासपा अध्यक्ष ओपी राजभर को पचती नहीं दिख रही है। राजभर ने अखिलेश और मायावती को फिर से एक होने से सलाह दी है। इसके अलावा सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मुखिया ओमप्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी ( सपा ) और बहुजन समाज पार्टी ( बसपा ) पर गरीबों से छल करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है इन दोनों पार्टियों को आगे आकर कहना चाहिए कि वे समाज के वंचित वर्ग की लड़ाई नहीं लड़ सकतीं। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी सपा का सहयोगी दल है। सपा और बसपा ने वर्ष 2019 का लोकसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ा था। हालांकि, बाद में दोनों की राहें जुदा हो गई थीं। राजभर ने कहा, खिर सपा और बसपा गरीबों और वंचितों की शुभचिंतक होने की बात कहकर उनके साथ छल क्यों कर रही हैं। मेरा मानना है कि अगर दोनों पार्टियां गरीबों की ही लड़ाई लड़ रही हैं तो फिर वे अलग-अलग चुनाव क्यों लड़ रही हैं? राजभर ने रविवार कहा, सपा और बसपा की आपसी लड़ाई की वजह से गरीबों और वंचित वर्ग के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें साथ मिलकर अगला लोकसभा चुनाव लड़ना चाहिए। यह मेरी तरफ से उनके लिए एक सलाह है। 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा के साथ गठबंधन कर छह सीटें जीतने वाली सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ने यह बयान पिछले दिनों सपा के गढ़ माने जाने वाले रामपुर और आजमगढ़ में हुए लोकसभा उपचुनाव में पार्टी की हार के बाद दिया है। खासकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की छोड़ी हुई आजमगढ़ सीट पर बसपा ने शानदार प्रदर्शन किया था। माना जा रहा है कि इसकी वजह से सपा प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा। यह भी माना जा रहा है कि सपा नेता आजम खां की छोड़ी हुई रामपुर लोकसभा सीट के उपचुनाव में बसपा ने जानबूझकर अपना प्रत्याशी नहीं उतारा, ताकि भाजपा को दलित वोट मिलने में आसानी हो। राजभर ने कहा, अभी तक तो मुझसे कोई भी नहीं मिला है और न ही मैंने किसी से संपर्क कियाहै।

## यशवंत सिन्हा ने केंद्र पर साधा निशाना, कहा- मुर्मू प्रतिज्ञा करें कि वह नहीं बनेंगी 'रबर स्टाम्प राष्ट्रपति'



राष्ट्रपति पद के लिए विपक्षी दलों के संयुक्त उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने रविवार को कर्नाटक में कांग्रेस विधायक दल को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अपनी प्रतिद्वंदी और राजग उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू से कहा है कि वे इस बात की पुष्टि करें कि अगर वे निर्वाचित हुईं तो रबर स्टैंप साबित नहीं होंगी। उन्होंने न्यायपालिका पर लगाए जा रहे आरोपों को लेकर चिंता भी जताई। पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा कांग्रेस विधायक दल की बैठक में शामिल होने के लिए बैंगलोर पहुंचे थे। उनके अलावा इस बैठक में राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस विधायक दल के नेता सिद्धारमैया, राज्य पार्टी प्रमुख डी के शिवकुमार और पार्टी के कई नेता और विधायक शामिल हुए। कांग्रेस विधायक दल को संबोधित करते हुए सिन्हा ने केंद्र सरकार पर निशाना भी साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ ईडी, सीबीआई, आयकर जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है।भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नुपुर शर्मा के खिलाफ अदालत द्वारा की गई कुछ टिप्पणियों के बाद न्यायपालिका के खिलाफ लगाए जा रहे आरोपों पर भी उन्होंने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह हमारे लोकतंत्र में एक बहुत ही दुखद घटना है। यशवंत सिन्हा ने आगे कहा कि हम सभी न्यायपालिका का सम्मान करते हैं और हम यह नहीं कह सकते कि हम न्यायपालिका के एक आदेश से सहमत हैं, लेकिन दूसरे आदेश को स्वीकार नहीं करते हैं। इस दौरान राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने बताया कि इस यात्रा के दौरान जद ( एस ) के संरक्षक और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा से मुलाकात नहीं करेंगे। गौरतलब है कि जद ( एस ) ने 18 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में अपने प्रतिद्वंद्वी मुर्मू को समर्थन देने के संकेत दिए हैं। राजनीतिक विरोधियों को ठीक करने के लिए केंद्र सरकार पर ईडी, सीबीआई, आयकर जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा यह अब एक आम बात हो गई है, विपक्षी दलों में से कोई भी, जो अपना सिर उठाने की कोशिश करता है या कोई मुद्दा उठाता है, उसे तुरंत इन एजेंसियों में से एक द्वारा नोटिस जारी किया जाता है। इस दौरान राष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के साझा उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने कहा कि %मैंने प्रतिज्ञा की है कि, यदि निर्वाचित हुआ, तो मैं संविधान और केवल संविधान के प्रति जवाबदेह रहूंगा। जब भी कार्यपालिका या अन्य संस्थाएं संवैधानिक नियंत्रणों और संतुलनों को तोड़ती हैं, तो मैं बिना किसी भय या पक्षपात के, ईमानदारी से अपने अधिकार का प्रयोग करूंगा।% उन्होंने कहा कि भारत को एक ऐसे राष्ट्रपति की जरूरत है जो संविधान के निष्पक्ष संरक्षक के रूप में कार्य करे, न कि मूक या रबर स्टैंप राष्ट्रपति की तरह। उन्होंने एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू से भी ऐसी ही प्रतिज्ञा करने का आग्रह किया।

# रोरावर के आसपास की गांव की मीट फैक्ट्रियां पर अति शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो मीट फैक्ट्रियों में ताले जड़ देंगे ठाकुर -राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है कि रोरावर के आस-पास के गांव की मीट फैक्ट्रियां को प्रभाव से बंद किया जाए किसानों के परिवारों को सरकारी हैंडपंपों में आ रहा लाल पानी जोके किसानों के परिवारों की सेहत के लिए ठीक नहीं है लाल पानी ही नहीं आ रहा है मास के चिथड़े भी पानी में आ रहे हैं सरकारी हैंडपंपों मे 4 वर्षों पहले भी इन हैंडपंपों में लाल पानी आ रहा था भाजपा किसान मोर्चा ने काफी लंबा प्रदर्शन किया था और हद तक मीट फैक्ट्रियों पर कार्यवाही हुई थी कम से कम 1 महीने लगातार भाजपा किसान मोर्चा की टीम गांव अमरपुर कोंडला में पड़ी रही एसडीएम स्वास्थ विभाग की टीम एसीएम गांव अमरपुर कोंडला में डेरा डाले रहे यह सब मीट फैक्ट्री सुचारू रूप से चालू कर दी गई है जोके क्षेत्र के किसानों के लिए हानिकारक है किसानों के परिवारों के लिए भी हानिकारक है क्षेत्र की जनता के लिए



भी हानिकारक है भाजपा किसान मोर्चा महानगर इन मीट फैक्ट्रियों पर अंकुश लगाने की मांग करेगा अमरपुर कोंडला रोरावर के आस-पास के गांव में भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम जाएगी और किसानों से इस संबंध में संपर्क करेगी भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहां है कि मीट फैक्ट्रियों को बंद कराने के मांग के साथ साथ फैक्ट्रियों को हटाने तक की मांग की जाएगी भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि जोरावर के आसपास अमरपुर कोंडला मखदूम नगर शाहपुर कुतुब के आसपास गांव के नजदीक काफी मीट फैक्ट्री चल रही है जल प्रदूषण वायु प्रदूषण एवं सारे प्रदूषण इन मीट फैक्ट्रियों से खेल रहे है भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है कि मीट फैक्ट्रियां संचालित करने वाले कटान वाले पशुओं का मलवा जमीन में डालते हैं क्या मीट फैक्ट्रियों के अंदर जमीन में बोरिंग कर रखे हैं उसमें मलवा डालते हैं नलों में जो खून पानी मांस के टुकड़े नलों में पहुंच रहे हैं वायु प्रदूषण जल प्रदूषण नलों में खूनी पानी आ रहा है इन फैक्ट्रियों को संचालित करने के लिए किसने अनुमति दी किसान विरोधी कार्य किया हैं कोई भी कदम उठाने के लिए बाध्य होगा इसमें कोई दो राय नहीं अति शीघ्र किसानों का एक जत्था अमरपुर कोंडला शाहपुर रोरावर अन्य गांव में किसान पंचायत करेगा मीट फैक्ट्रियों में ताले लगाए जाने की भी संभावना है अगर दूसरे भाग में जल निगम ने इससे संबंधित विभाग ने अगर अतिशीघ्र कोई कार्रवाई नहीं की तुम मीट फैक्ट्रियों में किसानों के साथ ताले जड़ देंगे इसमें कोई दो राय नहीं

## शादी का झांसा देकर पांच माह तक करता रहा दुष्कर्म जेल जाने की नौबत आई तब मंदिर में शादी रचाई प्रेमी ने


लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- हरदुआगंज शादी का झांसा देकर 19 वर्षीय युवती से पांच माह तक दुष्कर्म करने वाले युवक ने शनिवार,को मुकदमा दर्ज होते ही रविवार की सुबह कस्बे के,एक,मंदिर मैं युवती के साथ विवाह कर लिया इस दौरान दोनों के परिवार वाले मौजूद रहे वही शनिवार की दोपहर मैं थाना पुलिस ने युवती को दर्ज मुकदमे के संबंध में बयान दर्ज कराने के लिए मजिस्ट्रेट के हैं भेजा है युवती के बयानों के आधार पर ही आरोपी युवक और उसके परिवार वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की बात थाना पुलिस कहां रही है कस्बा निवासी 19 वर्षीय युवती के अनुसार पांच माह पहले वह आरोपी की दुकान पर सामान लेने पहुंची थी वह तो समय सामान दिखाने का बहाना बनाकर आरोपी दुकान के अंदर बने घर पर ले गया था और वहां दुष्कर्म किया उसके माता-पिता ने आरोपी के माता-पिता से शिकायत की तो उन्होंने मुकदमा दर्ज करने से मना कर दोनों की शादी कराने की बात कही इसके बाद आरोपी लगातार शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने लगा 5 माह बाद आरोपी के परिवार ने शादी से इंकार कर दिया जिस पर शनिवार को पीड़ित युवती ने आरोपी समेत माता-पिता,बहन दरोगा,के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी रिपोर्ट में गर्भपात,करने का भी आरोप लगाया, था

# बरेली मंडल कप बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली -इंडो बॉडीबिल्डिंग फिटनेस एसोसिएशन के तत्वधान में फिट इंडिया के तहत स्वास्थ्य के प्रति बरेली मंडल में बरेली मंडल कप बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन मैत्री सामुदायिक केंद्र इज्जतनगर मैं किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि ऋषि पांडे सीनियर कमांडेंट आरपीएफ ने किया उन्होंने बताया कि इज़्ज़तनगर रेलवे में बॉडीबिल्डिंग को प्रोत्साहित करने हेतु इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके लिए बरेली बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन बधाई के पात्र हैं विशिष्ट अतिथि मंडल क्रीड़ा अधिकारी सनत जैन,कारखाना क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार,नरमू के केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी व रूपक तिवारी रहे।बरेली मंडल अध्यक्ष नदीम खान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 300 खिलाड़ियों ने पबरेली मंडल से आकर प्रतिभाग किया इस तरह की प्रतियोगिता लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करती है। निर्णायक मंडल में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विष्णु चौहान,राष्ट्रिये सचिव आर डी तिवारी,राष्ट्रीय नेशनल जज भूपेंद्र





बघेल, मोहम्मद इमरान अंसारी, सोनू अंसारी ,इमरान हशमी,शशि कपूर,शहबाग खान,विककी खान,हरबंश कुशबहा,देवेंद्र अग्रवाल,अमरीश जैन,सुनील भाटिया आदि रहे। प्रोटियोगीता मे नवाजिश बरेली मंडल श्री बने, मसल मेन धीरेंद्र रहे और बेस्ट पोजर तोसिफ रहे,बही फिजिक्स फिटनेस मेन का खिताब अनस रहे,बुमेन फिटनेस मिथलेश शर्मा आगरा रही आयोजन समिति मे नदीम खान,पंकज अग्रवाल, निसार पहलवान,गिरजेश कुमार, आलम सिद्दीकी, अनुराग शर्मा, शेखर लाल ,प्रवीण भार दुआज,नसीम खान,अनमोल सक्सेना,हाफिज खान,शोहेब अंसारी,रोहित तिवारीआदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राम समाज की जमीन पर से दबंगों का अधिकारियों ने हटवाया कब्जा



मनोज कुमार पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूं- ग्राम लखनपुर के विकास खड जगत के गांव में कई सालों से गांव के ही लोगों ने ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा कर रखा था जिसको क्षेत्र के लेखपाल ने नक्शे में देखकर ग्राम प्रधान से पूछा की यह जमीन ग्राम समाज की है और इस पर किसका कबजा है जिसको लेकर ग्राम प्रधान ने जाकर मौके पर जमीन को देखा जिसको लेकर लेखपाल ने उप जिलाधिकारी को अवगत कराया जो कि कुछ ही दिन पहले अधिकारियों ने उस जमीन पर कर रहे लोगों को समझा कर कब्जा हटवा दिया जो कि 12 बीघा जमीन को खंड विकास अधिकारी के संज्ञान लाया गया और उस पर तुरंत ग्राम प्रधान से कहा की मनरेगा के तहत सारी जमीन में तुरंत वृक्षारोपण करने का आदेश दिया जिसके लिए ग्राम प्रधान श्री सत्येंद्र सिंह ने नरेगा जेई श्री कल्याण सिंह के साथ ले जाकर मुफ्त करने वाली जमीन पर जाकर गड्ढे के लिए निशान लगाना शुरू कर दिया और मनरेगा मजदूरों से कहा की तुरंत वृक्षारोपण के लिए गद्दे कराने शुरू करें जिसको लेकर मनरेगा मजदूरों ने गड्ढा करना शुरू कर दिया जोकि सभी जमीन में वृक्षारोपण किया जाना है
WWW.KNLSLIVE.COM


## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे- knlslive@gmail.com
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991

सुमित गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच
9458664527

# मुरादाबाद की रेलवे हरथला कालोनी में हरे पेड़ काटने पर भड़के लोग, काम रुकवाया



मुरादाबाद की हरथला रेलवे कालोनी में एक साथ नब्बे पेड़ काटने को पहुंची टीम के काम शुरू करने पर कालोनी के कुछ लोगों ने आपत्ति जताते हुए एनजीओ और तमाम लोगों को व्हाटसएप पर फोटो डाल मदद मांगी,जिसको लेकर खासा हो हल्ला मच गया। एनजीओ के लोग भी मौके पर पहुंचे और वहां काम कर रहे ठेकेदार की लेबर से बात की तो उन्होंने रेलवे और वन विभाग की अनुमति से खतरा बने पेड़ों को काटने का अनुमति पत्र दिखाया। जब इस मामले में रेलवे और वन विभाग के अफसरों से बात की,तो उन्होंने भी अनुमति देने की बात की। रविवार सुबह रेलवे हरथला कालोनी में एच टाइप क्वार्टर के आसपास खड़े कई पुराने व गिरातऊ पेड़ों से जनहानि के खतरे की आशंका के चलते रेलवे व वन विभाग ने करीब 90 पेड़ों को काटने की अनुमति दी। रविवार को ठेकेदार की लेबर ने कालोनी में पेड़ काटना शुरू किया तो कालोनी के कुछ लोगों ने हरे पेड़ों को काटने पर आपत्ति जताई। काम न रुकने पर कुछ लोगों ने व्हाटस एप पर फोटो अपलोड कर दिए,जिस पर पर्यावरण के लिए काम करने वाली एनजीओ के लोग कपिल कुमार के साथ मौके पर पहुंचे,पूछताछ में ठेकेदार की लेबर ने पेड़ काटने का अनुमति पत्र दिखाया। रेलवे के एडीएफएम विपिन शुक्ला ने बताया कि काफी समय से इस कालोनी के कई पेड़ गिरने की स्थिति का हवाला देकर कटवाने की बात क्षेत्र वासियों ने कही थी जिस पर विभाग ने अनुमति दी। वन विभाग के डीएफओ सूरज कुमार ने कहा कि हरथल रेलवे कालोनी में 90 पेड़ों से खतरे का पत्र मिला था,जिसमें रेलवे की अनुमति होने पर विभाग ने अनुमति दे दी। पुराने पेड़ गिरने से किसी की जान न जाए,इसको लेकर आदेश दिए गए हैं।

# पिता का घर छोड़कर प्रेमी के घर जा बैठी प्रेमिका, हंगामे के बीच पुलिस को दिखाए कोर्ट मैरिज के कागजात



मुरादाबाद -सिविल लाइंस थानाक्षेत्र के अगवानपुर में शनिवार रात एक युवती अपने माता पिता का घर छोड़कर दूसरी बिरादरी के प्रेमी के घर जाकर बैठ गई। प्रेमी के परिजनों ने उसको भगाने का प्रयास किया तो युवती ने 112 पर कॉल करके पुलिस बुला ली। काफी देर तक खूब हंगामा हुआ। इसके बाद पीआरवी कर्मी युवती को पुलिस चौकी ले गए। जहां उसने कोर्ट मैरिज के कागजात दिखाकर पिता के घर जाने से इनकार कर दिया। देर रात तक पुलिस चौकी पर दोनों पक्षों में पंचायत होती रही। बात नहीं बनी तो चौकी इंचार्ज ने प्रेमी युगल को थाने भेज दिया। नगर पंचायत के एक मोहल्ले में रहने वाली युवती शनिवार रात दूसरी बिरादरी के युवक के घर जाकर बैठ गई। युवती ने दावा किया की उसने प्रेमी से कोर्ट मैरिज के साथ निकाह भी कर लिया है। उसकी बात सुनकर प्रेमी का पिता हड़बड़ा गया। उसने युवती को समझाने की कोशिश की। युवती नहीं मानी तो उसने युवती को घर से निकालने का प्रयास किया। इससे युवती भड़क गई। उसने वहां हंगामा कर दिया। उसने 112 पर कॉल करके पुलिस भी बुला ली। हंगामा होने पर वहां मजमा लग गया। पीआरवी कर्मी युवक और युवती को पुलिस चौकी ले गए। जानकारी के बाद युवती के परिजन भी पुलिस चौकी पहुंच गए। प्रेमी प्रेमिका ने पुलिस के सामने शादी कर लेने की बात कबूल की। उन्होंने अपनी शादी के कागजात भी पुलिस को दिखाए। दोनों एक दूसरे के साथ पति पत्नी के रूप में रहने की जिद पर अड़ गए। लड़का पक्ष तो राजी हो गया लेकिन युवती के परिजन उसको अपने साथ घर ले जाने का प्रयास करते रहे। इस पर पुलिस राजी नहीं हुई। लड़की के भाई ने बहन को बहला फुसलाकर ले जाने की तहरीर पुलिस को दी। चौकी प्रभारी मृदुल कुमार के मुताबिक दोनों बालिग हैं उनका कहना है कि उन्होंने निकाह कर लिया है। लड़की के भाई ने तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# सेवा निवृत्त चिकित्सक से मांगी छह लाख की रंगदारी, महिला समेत दो के खिलाफ केस दर्ज

मुरादाबाद -सिविल लाइंस थानाक्षेत्र में रहने वाले सेवानिवृत्त चिकित्सक ने एक महिला समेत दो लोगों पर उनसे छह लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी महिला सेवानिवृत्त चिकित्सक के मकान में किराये पर रहती है। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित सेवानिवृत्त चिकित्सक जगमाल सिंह सिविल लाइंस के दीन दयाल नगर निवासी हैं। वह सरकारी अस्पताल से सेवानिवृत्त हैं। छजलैट थानाक्षेत्र के वरखेड़ा बसंतपुर उर्फ दयानाथपुर निवासी निपेंद्र कुमार राणा की पत्नी रॉकी ने उनका मकान किराये पर लिया था। महिला ब्यूटी पार्लर चलाती है। चिकित्सक ने मकान खाली करने को कहा तो उसने इनकार कर दिया। चिकित्सक का आरोप है कि महिला मकान खाली करने के लिए छह लाख रुपये की मांग कर रही है। आरोपी महिला ने फोन पर चिकित्सक से छह लाख रुपये की मांग भी की। इसके अलावा पंकज नाम के युवक के साथ साई मंदिर के पास मिली और फिर से छह लाख रुपये मांगने लगी। रकम देने से मना किया तो जान से मारने की धमकी दी। सिविल लाइंस थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

WWW.KNLSLIVE.COM

# एक बार फिर राजू सागर ने जीता भीम आर्मी दिल, फिर बने उपाध्यक्ष



एन.राज शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रामपुर- जिला रामपुर का एक बार फिर से राजू सागर जी को भीम आर्मी जिला उपाध्यक्ष बनाया गया पश्चिमांचल प्रदेश प्रभारी कपिल आजाद जी मुरादाबाद मंडल संयोजक प्रशांत अंबेडकर जी के निर्देशानुसार जिला संयोजक शिवम सागर द्वारा बनाया गया आपको अबगत करा दे की आज रामपुर की जिला इकाई का गठन हुआ जिसमे सभी पदों पर मंथन हुआ उसमे बाद राजू सागर को जिला का उपाध्यक्ष पद प्रदान किया आपको बता दे की राजू सागर पहेल से ही इस पद पर कार्यरत है राजू सागर ने कहा की मुझे एक बार फिर रामपुर भीम आर्मी जिला उपाध्यक्ष पद की कमान कि जो जिम्मेदारी आपने दी है उस जिम्मेदारी का पूर्ण रूप से कर्तव्य निभाते हुए हम अपनी पूरी टीम निस्वार्थ और सामाजिक हित मैं कार्य करेंगे बड़े भाई एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद जी के कंधों को मजबूत करने का काम करेंगे

# मुरादाबाद में नेशनल हाइवे पर हादसे में युवक की मौत, घंटों शव को रौंदते रहे वाहन



मुरादाबाद -मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र स्थित नेशनल हाईवे पर तड़के बाइक सवार युवक की हादसे में मौत हो गई। खास बात यह है कि लाश को घंटो तक भारी वाहन रौंदते रहे। मोबाइल के जरिए लाश की शिनाख्त आबिद पुत्र अली मोहम्मद के रूप में हुई। वह कटघर थाना क्षेत्र के नियामतपुर इकरोटिया स्थित उड़पुरा गांव के रहने वाले थे। परिवार में पत्नी के अलावा 6 बेटियां और एक बेटा है। मेरठ में नर्सरी है। परिजनों के मुताबिक रात करीब 2:00 बजे आबिद बाइक से मेरठ के लिए निकले थे। कुछ दूर निकले कभी हादसे का शिकार हो गए। सूचना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने टुकड़ों के रूप में बटी लाश को इकट्ठा करके पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इंस्पेक्टर कटघर आरपी शर्मा ने बताया कि हादसा कर फरार वाहन की सीसीटीवी कैमरा के जरिए पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।


## संपादकीय Editorial

# Rain dripping from system

Himachal is again narrating the story of its journey in the lap of monsoon and hence the first rain only made the initial news in the throes of questions ruthless. Here the rain not only drips from the roof, but also from the whole system and progress. Here every season is associated with tough tests and the monsoon cycle makes the exercise of the whole year a delicate period. Just now the monsoon had just touched Himachal that about a dozen people came in the entire state due to fatal consequences. If we look at the incidents of death from the perspective of rain, then the danger increases in every aspect of life and every scope of work. There is also a scary truth that every door of development in the mountainous zone is cut by the weather and the deteriorating mood of nature. Unfortunately, this criterion also casts doubt on the imperative of monsoon. If 52 roads and 48 water supply projects come to a standstill in a single rain, then it may be a failure of all preparations or even atonement for denying the lessons of the past. The dangers of natural calamities in Himachal's annual calendar are also increasing due to our progress, demand, lifestyle and wrong technology or design. We can neither stop the rain nor snowfall, but we can definitely make such a calendar of annual preparations that will guide the busyness of the mountain and prevent the development of development. If the battle of the mountain is to achieve progress, then along with development it is also important to mark the security. Needless to say that every season of the country needs a mountain, while the contribution of the country in its needs of the mountain should increase. The country sees the amount of water and snow raining from the sky in its annual estimates, but every day has to be written here. The drops falling on the mountain may be small, but the pain of filling them in the zenith only adds to the pain. Here, the water filling up to Kuhal, Khad, Waterfall, River and Dam is faced from every small development to agriculture-horticulture and from rural to urban population. The day the national plans create a different vision for the mountain and different standards of progress, it will become easier to cope with the harsh weather patterns. At present, the way in which technical and economic resources should be used in roads, building construction and development projects, there is a great lack in it. Roads crisscrossing mountain slopes, power projects diverting rivers, and shrinking traditional drainage routes in urban development create a frenzy in the rainy season. Not only this, the rural development in the name of MGNREGA is also throwing concrete bombs against our traditional structure. To the extent that even a city like Shimla has started applying concrete in its smart city projects, as a result the water seepage will strip the earth itself. The state needs connectivity through elevated transport network and tunnel routes. Surprisingly, even after building a big dam on its chest, till date no option of waterway has been prepared in Himachal. In the name of urban development, due to the JCB machines cutting straight mountains and demolishing high mountains, development is becoming dreadful in the mood of the weather.

# 'Mohabbatein' fame Preeti Jhangyani now looks like this, what is she doing away from films these days

You must remember Preeti Jhangiani of 'Mohabbatein' fame. In this film which came in the year 2000, everyone died on the simplicity of Preeti. He then acted in 'Awara Pagal Deewana', 'Aan' and 'Victoria No. 203'. These films were not successful and she gradually moved away from films. Apart from the film industry, Preeti has now become an entrepreneur. Preeti is married to famous actor Praveen Dabas. Both are now handling a sports league. Preeti told that her interest was in sports from the beginning. What did she say about her return to films - Preeti has spoken to our colleague Hindustan Times. Regarding her return to films, Preeti says that if she gets an interesting role, she can consider doing it. Preeti said, 'I never felt that I was out of it or not attached.' She adds, 'The idea is to do a good role, something that excites me.' Pro Panja is the promoter of the league, an arm-wrestling promotion based out of India. Preeti told about this that 'This idea was Praveen's and now it has become like his child.' She said, 'I was really into sports in school and college. I was the captain of the baseball team, which is not a sport that is played that much in India. I have played throwball and participated in swimming competitions at school level.' Preeti admits that after 'Mohabbatein' her image in front of the audience had become like the character of the film. The audience did not want to see him out of it. He believes that a lot of time has passed now and the new generation thinks differently.



# 'I was molested in jail, beaten up, poisoned ink was thrown': Actress Ketki Chitale

Marathi actress Ketaki Chitale was in the news for quite some time. Ketki Chitale was arrested after he was accused of sharing an objectionable post about Nationalist Congress Party (NCP) chief Sharad Pawar. Ketki got bail at the end of June, after which now Ketki has once again come in the news. Ketki says that he was molested in Thane district jail."Molestation in jail, beaten up - Marathi actress Ketki Chitale, who was arrested for sharing an 'objectionable' post against senior leader Sharad Pawar, has claimed that she was molested in Thane district jail. The actress got bail late last month, more than a month after she was arrested over a controversial social media post. Ketki told India Today, 'I was molested when I was in jail. I was beaten up and some black poisonous ink was thrown at me.' Ketki's arrest was illegal!- During the conversation, Ketki claimed that his arrest by the police was illegal. Ketki said, "I was arrested illegally without a warrant. I didn't do anything wrong, yet I was treated like this. Ketki further said, 'I came out of jail smiling because I got bail. This fight is still on. Ketki told that 22 cases are registered against him and he has got bail in only one. I may be arrested again- Ketki said that he spent the entire 41 days in jail. On the other hand, Ketki declared himself innocent and said, 'I have lost my all. I have been labeled as a criminal, I do not know whether I will get work again or not. I am on bail and arrested again. It is worth mentioning that Ketki had posted a poem in Marathi on his Facebook account, which angered the supporters of the senior leader concerned and later a complaint was lodged with the police.



# सपा नेताओं की चार एकड़ जमीन के बाद महाविद्यालय भी जब्त, बोर्ड लगाकर कराई गई मुनादी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एटा में गैंगस्टर एक्ट के आरोपी सपा नेता पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव के खिलाफ शुक्रवार को एक और बड़ी कार्रवाई की गई। उनका आसपुर स्थित महाविद्यालय और आसपुर में ही जमीन को कुर्क कर जब्त कर लिया गया।दोनों सपा नेताओं पर 18 अप्रैल को कोतवाली नगर में गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इसमें पूर्व विधायक गिरफ्तार हो चुके हैं, जो जिला कारागार में निरुद्ध हैं। जबकि दूसरे आरोपी उनके भाई पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष को उच्च न्यायालय से गिरफ्तारी स्टे मिल गया है। हालांकि जिलाधिकारी दोनों नेताओं के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की धारा 14-1 के तहत 17 जून को आदेश जारी कर चुके हैं। जिसके तहत दोनों की करीब 29 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति जब्त की जानी है। इस आदेश के तहत ही एटा सदर तहसील और अलीगंज तहसील क्षेत्र में लगातार कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को जीटी रोड पर आसपुर स्थित श्रीमती धूपकली लालाराम महाविद्यालय और चार एकड़ जमीन जब्त शुक्रवा को जब्त की गई। एसडीएम सदर शिवकुमार, सीओ सिटी कालू सिंह और तहसीलदार सदर चंद्रप्रकाश सिंह ने पुलिसबल के साथ जाकर जब्त जमीन पर बोर्ड लगवाए और मुनादी कराई। तहसीलदार ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट के तहत जारी जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में कार्रवाई की गई है।

**सपा नेताओं की पूर्व में 1.14 करोड़ की संपत्तियां हुईं थी जब्त**

बता दें कुछ दिन पहले ही प्रशासन और पुलिस ने सपा नेता रामेश्वर सिंह और जुगेंद्र सिंह की 1.14 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त कीं थी। तहसीलदार सीपी सिंह ने पुलिस बल सहित दो स्थानों पर यह कार्रवाई की थी। जीटी रोड पर ट्रांसपोर्ट नगर के पास गाटा संख्या 944 में आबादी की 2 बीघा जमीन पर प्लॉटिंग कर ली गई थी। यहां मुनादी कराकर जमीन को जब्त किया गया, जिसकी कीमत 91 लाख रुपये थी। इसके अलावा शीतलपुर में चिलासनी रोड पर गाटा संख्या 892 में पांच बीघा कृषि जमीन को भी जब्त किया गया था, जिसकी कीमत 31 लाख रुपये है।

**अन्य खबरों के लिए देखे WWW.KNLSIVE.COM**

# कांग्रेस कार्यालय पर नगर निकाय चुनाव को लेकर बैठक संपन्न हुई बैठक



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा कांग्रेस कार्यालय पर नगर निकाय चुनाव को लेकर बैठक संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता एटा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनीत पाराशर बाल्मीकि ने की संचालन वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद इरफान एडवोकेट ने किया बैठक में सभी पदाधिकारियों के राय मशवरे से निर्णय लिया गया एटा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद एवं सभासद पद हेतु के लिए अच्छे प्रत्याशी चयन के लिए ठाकुर अनिल सोलंकी को संयोजक एवं आदर्श मिश्रा डैनी को सह संयोजक बनाया गया बैठक को संबोधित करते हुए एटा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनीत पाराशर बाल्मीकि ने कहा कांग्रेस पार्टी एटा नगर पालिका परिषद का चुनाव एवं एटा शहर के 25 वार्ड मैं कांग्रेस पार्टी पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेगी और जीतेगी बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता इंजीनियर सुरेंद्र कश्यप सेवा दल के वरिष्ठ नेता अरुणेश गुप्ता महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सरिता अंबेडकर शहर उपाध्यक्ष आबिद अली शहर महासचिव रवि यादव शहर सचिव राजेश बघेल डॉ सुरेंद्र सविता वार्ड अध्यक्ष संदीप बाल्मीकि वार्ड अध्यक्ष प्रमोद कठेरिया वार्ड अध्यक्ष अजय कुमार जयकुमार रोहित राणा सनी मिश्रा चंदन कठेरिया विकास राठौर के कार्यकर्ता उपस्थित थे

# 02 परिवारों को मिलाकर एक कराया गया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एटा,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में महिला थाना कैम्पस स्थित नारी उत्थान केंद्र भवन में संचालित परिवार परामर्श केंद्र एटा में आज दिनांक 03.07.2022 को 02 परिवारों को मिलाकर एक कराया गया, पहला मामला सविता पुत्री कुंवर पाल निवासी गांव पचेयी थाना मलावन ज़िला एटा व उसके पति राधेश्याम पुत्र शिवचरण निवासी गांव बाटी थाना जेत ज़िला मथुरा का है ,दोनों में किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था, आज दोनो पक्षों को बुलाकर उनके गिले शिकवे दूर कराकर फिर से मिला दिया गया, दूसरा मामला नीरज देवी पुत्री होरीलाल गांव फाजिलपुर थाना जलेसर एटा व उसके पति वीरपाल पुत्र साहब सिंह निवासी इसेपुर थाना सिकन्दराराऊ ज़िला हाथरस का है, दोनों ही शादी के बाद अलग अलग रह रहे थे, आज दोनों को बुलाकर एक किया गया, आज की बैठक में महिला थाना प्रभारी नंदिनी सिंह, काउंसलर अकरम खान, अशोक कुमार के अलावा हैड कांस्टेबल मिथलेश कुमारी, मीना रानी,कांस्टेबल धर्मवीर सिंह, कांस्टेबल सुधा व पूजा यादव के अलावा अन्य स्टाफ मौजूद रहा ।

# अग्निपथ योजना का जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- आम आदमी पार्टी जनपद एटा में युवा प्रकोष्ठ और छात्र संघर्ष समिति प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में जनपद स्थित धरना प्रदर्शन स्थल पर अग्निपथ योजना का जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया तथा प्रशासनिक अधिकारी को युवा प्रकोष्ठ के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष हेमंत बघेल तथा छात्र युवा संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष अंशुल वर्मा के द्वारा एक ज्ञापन भी सौंपा। इस अवसर पर दोनों प्रकोष्ठ के अनेकों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे विशेष रूप से रत्नेश बघेल प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य युवा प्रकोष्ठ और हरीश कुमार प्रदेश सचिव छात्र युवा संघर्ष समिति रहे ।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# विशेष लोक अदालत जालौन में हुई सम्पन्न



पवन कुमार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

जालौन- जिला दीवानी न्यायालय जालौन में सम्पन्न हुई विशेश आर्बिट्रेशन लोकअदालत में 23 वादों का निस्तारण करते हुये कुल मु0 19,44,375 रू0 धनराशि जमा करायी गयी। इस विशेष आर्बिट्रेशन लोकअदालत में विभिन्न फाईनेन्स कम्पनियों के अधिकारियों और वादकारियों ने सहभागिता की। लोकअदालत को जिला जज तरूण सक्सेना द्वारा न्याय के एक ऐसे वैकल्पिक मंच की संज्ञा दी गयी, जिसमें सुगम, सस्ता और शीघ्र न्याय मिल जाता है। इस अवसर पर अपर जिला जज प्रथम सुरेश चन्द, विशेष न्यायाधीश अंचल लवानिया व शिवकुमार तथा जिला बार संघ के सचिव उपेन्द्र प्रताप सिंह, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा फाईनेन्स कम्पनी, मैग्मा फाईनेन्स कम्पनी, श्रीराम सिटी यूनियन फाईनेन्स कम्पनी, कोटक महिन्द्रा फाईनेन्स कम्पनी के अधिकारी व अधिवक्तागण आशुतोष चतुर्वेदी, राजेश श्रीवास्तव तथा प्रशासनिक अधिकारी राकेश कुमार, केन्द्रीय नाजिर जयसिंह, डीएलएसए0 वरिष्ठ लिपिक अश्वनी कुमार मिश्र, डीईओ दीपक नरायण, पीएलवी0 करन सिंह सहित तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सपा नेता रामेश्वर सिंह यादव पर एक और मुकदमा दर्ज, 35 लाख की विधायक निधि के गबन का आरोप



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-अलीगंज के पूर्व विधायक सपा नेता रामेश्वर सिंह यादव अब विधायक निधि के गबन के मामले में फंस गए हैं। विधायक रहते हुए भाई के विद्यालय के नाम 35 लाख रुपये की निधि जारी कर गबन करने के आरोप में रामेश्वर सिंह के खिलाफ थाना जसरथपुर में रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसमें उनके भाई पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामनाथ सिंह यादव को भी नामजद किया गया है। मामला 1999 से 2004 के बीच का बताया गया है। इसकी रिपोर्ट एक शिकायत के आधार पर अब डीआरडीए के अवर अभियंता प्रमोद कुमार पचौरी ने दर्ज कराई है। रिपोर्ट के मुताबिक विधायक रहते हुए रामेश्वर सिंह यादव ने अमृतपुर रघुपुर स्थित श्री लालाराम स्मृति आदर्श विद्यालय के भवन निर्माण के लिए 35.50 लाख की विधायक निधि दी। इस विद्यालय के प्रबंधक उनके भाई रामनाथ सिंह थे। आरोप है कि इस धनराशि को पूर्व विधायक और उनके भाई ने मिलकर गबन कर लिया। सीओ राजकुमार सिंह ने बताया कि जो तहरीर मिली, उसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। फंस सकते हैं कई अफसर अभी भले ही गबन का मामला पूर्व विधायक और उनके भाई पर दर्ज कराया गया है। लेकिन जांच के दौरान इसमें कई पूर्व अफसर फंस सकते हैं। दरअसल, विधायक निधि निकाले जाने से लेकर इसके प्रयोग पर कई अधिकारी नजर रखते हैं। यदि गबन हुआ तो तत्कालीन अधिकारियों की भी जवाबदेही बनती है।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## जनप्रतिनिधि सहित पद्मश्री माता राजमोहनी देवी की पुत्री रामबाई कर रही विरोध, समाधि स्थल पर धरना करने की दी चेतावनी




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- छत्तीसगढ़ में 76 नये स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल खुलने को तैयार हैं। नये स्कूलों में विद्यार्थियों का दाखिला 1 जुलाई से शुरू होना था। रायपुर जिले में सबसे ज्यादा 12 स्कूल खोले जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में 76 नए आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल खुलेंगे, एक जुलाई से शुरू हो गया है दाखिला, जहां 55 हजार बच्चों को फायदा मिलेगा । वहीं प्रतापपुर विकासखंड में प्रस्तावित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल डांडकरवा मे खोलने का निर्णय लिया गया। जिसका अब विरोध होने लगा है इस संबंध में पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी संस्था के अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह टेकाम व जनपद अध्यक्ष जगतलाल आयाम ने संयुक्त प्रेस वार्ता जारी करते हुए कहा की पिछले माह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आगमन पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी के समाधि स्थल पर हुआ था, इस दौरान संस्था के लोगों ने ग्राम पंचायत गोविंदपुर में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल खोलने हेतु आवेदन दिया था । जिस पर छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री ने त्वरित निराकरण करते हुए ग्राम गोविंदपुर में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने का सहमति प्रदान किया था । इसी क्रम में जब शासन द्वारा आदेश आया तो उसमें गोविंदपुर की जगह डांडकरवां पंचायत में स्कूल खोलने का आदेश जारी कर दिया है । जिसका अब विरोध होने लगा है जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है की ग्राम गोविंदपुर में माता राजमोहिनी देवी का समाधि स्थल है और मुख्यमंत्री ने यहां स्कूल खोलने का वादा किया था। आखिर किस दबाव में स्कुल डांडकरवा में खोला जा रहा यह समझ से परे है। शीघ्र इसको संशोधन करके गोविंदपुर मे खोलने का आदेश जारी नही किया गया तो राजमोहनी देवी के अनुयायी माता जी के जयंती 7 जुलाई को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौप एसडीएम कार्यालय का घेराव करने का चेतावनी दिया गया है।

### पद्मश्री माता राजमोहनी देवी का गांव हमेशा से होता आ रहा उपेक्षा का शिकार

नशे से आजादी दिलाने वाली पद्मश्री माता राजमोहनी देवी का गाँव हमेशा से उपेक्षा का शिकार होता आ रहा है, पहले जहाँ उपतहसील गोविन्दपुर बनने वाला था जो बड़े नेताओं के दबाव के कारण डाँड़करवा में उपतहसील कार्यालय बनाया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने गोविंदपुर में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बनाने की मांग मुख्यमंत्री से की थी। जिस पर मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी के गांव गोविंदपुर में ही स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खोला जाएगा। लेकिन अब इसका उल्टा होता दिखाई होते प्रतीत हो रहा है। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल गोविंदपुर में खुलने के बजाय डाँड़करवा में प्रस्तावित हुआ है,जिसको लेकर अब क्षेत्र के ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों में काफी आक्रोश व्याप्त है।

## कुशवाहा युवा एकता कल्याण मंच जिला स्तरीय कार्यकारणी का हुआ विस्तार



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कुशवाहा युवा एकता कल्याण मंच के द्वारा जिला स्तरीय सामाजिक बैठक सामुदायिक मंगल भवन गोपालपुर सूरजपुर में आयोजित कर समाज के सर्वांगीण विकास के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा किया गया। बैठक में सूरजपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से उपस्थित सदस्यों द्वारा समाज की आर्थिक,सामाजिक, सामाजिक संस्कार विकास के मुद्दों पर अपने अपने विचार व्यक्त किये गए। कुशवाहा युवा एकता मंच के संभागीय अध्यक्ष तोषित कुशवाहा के द्वारा कुशवाहा समाज की उत्पत्ति,कुशवाहा के वंशज, मंच के उद्देश्यों, विस्तार पूर्वक विचार व्यक्त किया गया। हीरालाल कुशवाहा के द्वारा समाज मे संगठन को मजबूती प्रदान करने पर विचार दिए अरविंद कुशवाहा ने समाज मे जनसहयोग के माध्यम एक दूसरे की सहायता करने की अपील की। धीरेंद्र कुशवाहा के द्वारा समाज के विभिन्न विकास मुद्दों पर चर्चा करते हुए समाज में चल रहे दहेज प्रथा, नशा एव अन्य बुराइयो को समाज से मुक्त करने पर जोर दिया गया। उपस्थित सदस्य गोविंद कुशवाहा, चंद्रिका कुशवाहा,संदीप कुशवाहा,राजाराम कुशवाह,प्रकाश कुशवाहा , हरिवंश कुशवाहा रूपेंद्र कुशवाहा एव अन्य सभी ने सामाजिक विकास के विभिन्न गतिविधि पर अपना अमूल्य उद्बोधन एव सुझाव दिए साथ ही सूरजपुर जिले के कुशवाहा युवा एकता कल्याण मंच के जिला स्तरीय कार्यकारणी का विस्तार किया गया। जिसमें संदीप कुशवाहा-जिलाध्यक्ष,रूपेंद कुशवाहा, इंजीनियर संदीप कुशवाहा-उपाध्यक्ष, प्रकाश कुशवाहा-सचिव, हरवंश कुशवाहा -कोषाध्यक्ष अनोज कुशवाहा- सहकोषाध्यक्ष, अरविंद कुशवाहा ,वीरेंद्र, परिमल- संगठनमंत्री मनोज कुशवाहा,राजाराम कुशवाहा-मीडिया प्रभारी, विदेश्वर कुशवाहा ओम प्रकाश कुशवाहा- प्रवक्ता मनोनीत कर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियो को फूल माला पहनाकर स्वागत एव जिला स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने की नई जिम्मेदारी दी गई तथा सामाजिक बैठक को सफलतापूर्वक सम्पन्न मे सुग्रीव कुशवाहा,सतेंद्र, नरेंद्र कुशवाहा,जसवंत, युगार्जुन, सचिदानंद, जयंत कुशवाहा, सत्यनारायण कुशवाहा,सुरेंद, शशिभूषण,नवीन,किशन एव अन्य उपस्थित सजातीय बंधुओ का विशेष योगदान रहा।

## थाना झिलमिली पुलिस ने लगाया जन चौपाल, ग्रामीणों को बैंक खाता व एटीएम की गोपनीय जानकारी साझा न करने दी समझाईश



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश पर थाना झिलमिली पुलिस के द्वारा ग्राम खैती पतरापारा में पुलिस जन चौपाल का आयोजन रविवार को किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर के मार्गदर्शन में आयोजित जन चौपाल में एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के द्वारा वर्तमान दौर में किए जा रहे फ्राड जिनमें बैंक एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने तथा बैंक का अधिकारी अथवा कर्मचारी बनकर मोबाइल से आधार कार्ड एवं एटीएम कार्ड की गोपनीय जानकारी प्राप्त कर बैंक खातों से रकम पार करने की घटित हो रही घटनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को देते हुए ठगी का शिकार होने से बचने की सलाह दी। इसी क्रम में सोने के जेवरात डबल करने के नाम पर की जा रही ठगी की जानकारी, यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उसका पालन करने की अपील की। महिलाओं की सुरक्षा के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा तैयार किए गए अभिव्यक्ति ऐप के बारे में मौजूद महिलाओं-पुरूष को अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने साईबर अपराध, यातायात नियम, महिलाओं की सुरक्षा के लिए बने कानूनों, विधिक जानकारियों से अवगत कराते हुए कहा कि पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है, किसी प्रकार की समस्या होने पर अवगत कराए। इस दौरान थाना प्रभारी झिलमिली नरेन्द सिंह, तहसीलदार भैयाथान ओ.पी.सिंह, पटवारी कीर्ति शर्मा, सुरेश सिंह सहित ग्रामीण जन मौजूद रहे।

## भाजपा मंडल कार्यसमिति बिहारपुर चांदनी की बैठक संपन्न



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बिहारपुर- प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार जिला सूरजपुर के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी मण्डल कार्यसमिति बिहारपुर चांदनी की बैठक सामुदायिक भवन में आयोजन किया गया भारत माता पं.दिनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर बैठक का शुभारम्भ किया गया बैठक में सभी पोलिंग बूथों के कार्यकर्ता 22 वृक्ष लगाकर रखरखाव करने के लिए आग्रह किया गया तथा महीने के अंतिम रविवार को समय 11=00 बजे देश के प्रधानमंत्री जी के मन की बात सभी पोलिंग बूथों पर सुनने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दी गई इस दौरान भाजपा मंडल प्रभारी शिव प्रसाद सिंह अध्यक्ष रामेश्वर बैस जिला विशेष आमंत्रित सदस्य अवध कुमार पाठक' मुकुन्दलाल जायसवाल नारायण दास बैस महामंत्री भाजयुमो बी.पी जायसवाल श्यामनारायण बैस कन्हैयालाल साहू लालबहादुर यादव सुरेन्द्र पुरी लालमन यादव रामजन्म देवांगन मनोहर सिंह अरविंद सिंह विष्णु दयाल विश्वकर्मा विजेन्दर खुलुर सिंह ललीत पण्डो मुनाराम शाह द्वारिका प्रसाद राजेन्द बाबूलाल यादव दूर्गावती यादव रामचंद्र यादव वासुदेव यादव सुग्रीव यादव सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गाँव गरीब और किसान की आवाज बने सीताराम भास्कर



संतों गुरुओं महापुरुषों के विचारधारा को अपने मधुर स्वर में जन जन तक पहुंचाने वाले एवं जिला के शान व जुल्म अत्याचार के खिलाफ हमेशा सभी समाज के लिए संघर्ष करने वाले ,युवा नेता ,सामाजिक कार्यकर्ता सीताराम भास्कर सीताराम भास्कर का जन्म सन 1989 में कालरी एसईसीएल गेला पानी चिरमिरी क्षेत्र जिला कोरिया छत्तीसगढ़ में हुआ, इनका प्रारंभिक पढ़ाई शासकीय प्राथमिक स्कूल चिरमिरी में एवं मिडिल स्कूल पांडवपारा कॉलरी में और हाई स्कूल व कालेज भैयाथान में हुआ, और इनका एजुकेशन ड्ढ.ड्ड. के साथ-साथ छात्र जीवन से ही लोगों के साथ मधुर वाणी के बादशाह रहे और दोस्तों के बीच शुरुआत से ही कुछ कर गुजरने का इरादा रखने वाले सीताराम भास्कर के पिता केवला भास्कर के एसईसीएल से सेवानिवृत्त 2006 में हो जाने से भैयाथान क्षेत्र के अपने गांव खैरी परसा पारा में रहने लगे,, और फिर राजनीति का शुरुआत हुआ,, 2007-8 में गांव का नवीन मिडिल स्कूल को शकरा स्थान में बनाने को लेकर सरपंच एवं सचिव के मनमानी से ग्रामीणों को जिला सरगुजा कलेक्टर के पास ट्रैक्टर गाड़ी में लगभग खैरी परसा पारा से 60,,,70 ग्रामीणों के साथ कार्यालय कलेक्टर सरगुजा मनोज पिंगुआ से मिलकर समाधान के लिए आवेदन दिए और फिर कार्यवाही में लीपापोती के बाद छत्तीसगढ़ के उस समय मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह को ग्रामीणों के साथ शिवप्रसाद नगर आगमन पर दिया गया था पर उसके बाद भी कुछ नहीं हुआ उस समय ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे सीताराम भास्कर के ऊपर फर्जी द्ब.द्ब.ह्र. थाना झिलमिली में सरपंच सचिव के द्वारा किया गया, और मानसिक प्रताड़ित कर आर्थिक क्षति पहुंचाया गया एवं 107 16 में चालान भी तहसीलदार के पास किया गया,, उसके बाद भी इरादा तनिक भी नहीं डगमगा आया और 2011 में जिला अध्यक्ष सरगुजा बहुजन समाज पार्टी मान्यवर नरेंद्र साहू बड़ह्यरा बस कर का साथ मुलाकात हुआ तथा बहुजन समाज पार्टी का विचारधारा व संतों गुरुओं महापुरुषों का विचार को जानने व समझने का मौका मिला,, अब यहां से आंदोलन शुरू हुआ सन 2013 में नरेंद्र साहू को बसपा से विधायक चुनाव लड़ाने का मौका मिला और फिर 2014 में सीताराम भास्कर ने अपने माता जी को जिला पंचायत सदस्य भैयाथान से चुनाव लड़ा कर निर्वाचित कराए,, और अपने जिला पंचायत सदस्य माताजी के जिला पंचायत क्षेत्र का कार्य को करने पूरा समय ग्रामीणों के दुख सुख में साथ देते रहे उसी बीच में कुछ सामंत सा ही लोगों को काफी तकलीफ होने लगा दो हजार सत्रह में षडयंत्र पूर्वक सीताराम भास्कर के ऊपर बहुत बड़ा हत्या त्वक हमला हुआ और मानसिक क्षति पहुंचाया गया और थाना झिलमिली पुलिस में सामंतों,के इशारों में भास्कर के ऊपर द्ब.द्ब.ह्र. कराया गया जिससे भास्कर का राजनीति खत्म किया जा सके उसके बाद भी भास्कर का इरादा तनिक भी नहीं डगमग आया ,बहुजन नायक मान्यवर साहब कांशीराम कहते हैं कि इरादा पक्का हो तो रास्ते हजार मिल जाएंगे और इरादा झूठा हो तो बढ़िया से बढ़िया बहाना मिल जाएंगे ,यह कहावत ठीक भास्कर के ऊपर प्रमाणित होता है,, और फिर दो हजार अट्ठारह में भास्कर ने भटगांव विधानसभा से विधायक चुनाव लड़ा हालांकि हार का सामना करना पड़ा और आज दिन तक सीताराम भास्कर का आंदोलन जारी है,जुल्म अत्याचार के खिलाफ हमेशा लड़ाई लड़ने वाले सीताराम भास्कर का यह जीवन परिचय आप सभी लोगों के समक्ष है जय संविधान जय भीम जय भारत,

## सामाजिक कार्य की ओर


ग्राम पंचायत मरहट्टा के गांव की पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीण ने कलेक्टर से मुलाकात की

मूलनिवासी संयुक्त मोर्चा,ने राज्यपाल को न्याय की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

सूरजपुर/कोरिया

कार्यकारिणी अध्यक्ष सीताराम भास्कर ने सैकड़ो लोगों के साथ राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

पुल निर्माण में अनियमितता व भ्रष्टाचार की शिकायत

हजारो की संख्या में जिला सूरजपुर पुराना बस स्टैंड से कलेक्टर कार्यालय तक पैदल मार्च व ज्ञापन सोपा

सामाजिक कार्यकर्ता सीताराम भास्कर के मांग पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने की स्वीकृति

# नशे के अवैध कारोबार पर सूरजपुर पुलिस की कार्रवाई जारी, 40 हजार रूपये के गांजा सहित 1 गिरफ्तार



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश के बाद अवैध कारोबार करने वालों पर पुलिस की लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में थाना सूरजपुर की पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर दो किलो गांजा सहित 1 व्यक्ति को पकड़ा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी सूरजपुर गीता वाघवानी के मार्गदर्शन में रविवार को थाना सूरजपुर की पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम पर्री में घेराबंदी कर सायकल सहित गोविन्द यादव पिता स्व. सोमारू राम उम्र 26 वर्ष निवासी करौंदामुड़ा, थाना झिलमिली को पकड़ा जिसके कब्जे से 2 किलो मादक पदार्थ गांजा कीमत करीब 40 हजार रूपये का जप्त किया गया। मामले में गांजा व परिवहन में प्रयुक्त सायकल जप्त करते हुए आरोपी के विरूद्ध धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, एएसआई रघुवंश सिंह, प्रधान आरक्षक मोहम्मद तालिब शेख, हरेन्द्र सिंह, आरक्षक रावेन्द्र पाल, रामकुमार नायक व हरिशंकर सिंह सक्रिय रहे।

# पंचायत सीईओ प्रतापपुर की संलिप्तता बिना नियम दिया था राशि आहारण करने का आदेश

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-चौदहवें वें वित्त की राशि में भारी बंदरबांट.मे जनपद पंचायत सीईओ प्रतापपुर की संलिप्तता बिना नियम दिया था राशि आहारण करने का आदेश,कमिश्नर सरगुजा दिए जांच का आदेश प्रतापपुर /प्रतापपुर विकासखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के ठीक पहले से लेकर नव गठित पंचायत गठन तक शासन के 14वें वित्त की राशि में भारी बंदरबांट किए जाने की खबर अब मिल रही है। खबर है कि जनपद पंचायत प्रतापपुर के ग्राम पंचायतो मे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं कोरोना काल का फायदा उठाकर 14वें वित्त की राशि को सरपंच और सचिव मिलकर डकार गए। हुवा युही पंचायती राज चुनाव की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता लागू हो गई जिसके बाद पुराने सरपंच अपने चुनाव में व्यस्त हो गए जिसका फायदा उठाकर ग्राम पंचायत के सचिव जनपद सीईओ के साथ मिलकर राशि का बंदर बांट कर दिए




इस दौरान सचिवों के द्वारा बिना फर्जी प्रस्ताव बनाकर जनपद सीईओ से मिली भगत कर करोड़ों के राशि हजम कर गए ।

### जनपद सीईओ की लगती थी अनुशंसा

त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनाव के आचार संहिता लगने के बादग्राम पंचायत के सचिवों द्वारा राशि आहरण करने पर जनपद पंचायत के सीईओ का अनुशंसा लगता था आखिर ग्राम पंचायत की राशि जो सीधे पंचायत के खाते पर आई है उसमें जनपद सीईओ का अनुशंसा बिना नियम कानून के लगना जांच के दायरे में आता है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिन प्रस्तावों में जनपद सीईओ की अनुशंसा होती थी उसमें ग्राम पंचायत के सरपंचों व पंचों का हस्ताक्षर नहीं होता था और राशि आहारण हो जाता था जो एक गंभीर विषय हे ग्राम पंचायतों में शासन द्वारा मिले राशि के उपयोग और खर्च की हिसाब के लिए बकायदा केसबुक और लेजर बुक मेंटेन किया जाता है लेकिन अधिकांश पंचायतों में वर्ष 2019 - 20 का रिकार्ड उपलब्ध नहीं है

# खुलेआम हवा में धारदार हथियार लहराने वाले आरोपी को थाना भटगांव पुलिस ने किया गिरफ्तार




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-भटगांव थाना पुलिस ने गांव के मुख्य मार्ग में खुलेआम धारदार हथियार लहराकर लोगो को धमकाने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया है। पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को अवैध जुआ, शराब सहित नशे के कारोबार पर पूर्णतः अंकुश लगाने एवं माहौल खराब करने वालों के विरूद्व सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। रविवार, 3 जुलाई को थाना प्रभारी भटगांव को सूचना मिला कि ग्राम डुमरिया यादवपारा का रामखेलावन यादव गांव के मुख्य मार्ग में आम जगह पर लोहे का गड़ासा लेकर लहराकर लोगों को दिखाकर भयभीत कर रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में थाना भटगांव की पुलिस मौके पर त्वरित पहुंची और हवा में लोहे का गड़ासा को लहरा कर आने जाने वाले को डरा धमका रहा आरोपी राम खेलावन यादव पिता स्व. समयलाल यादव उम्र 30 वर्ष को घेराबंदी कर पकडा और धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव शरद चंद्रा, एसआई बृजमोहन गुप्ता, प्रधान आरक्षक सुंदर लाल, आरक्षक मनोज जायसवाल, कमलेश सिंह, गिरजा शंकर, जगत पैंकरा व प्रहलाद पैंकरा सक्रिय रहे है।

# एसआरएमएस में पांच दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन आज से

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- एसआरएमएस मेडिकल कालेज 4 जुलाई को अपनी स्थापना के 20 वर्ष पूरे कर रहा है। 21वें स्थापना दिवस के मौके पर एसआरएमएस में महिलाओं और बालिकाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। यह बात एसआरएमएस मेडिकल कालेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने कही। उन्होंने कहा कि पांच जुलाई से 9 जुलाई तक संचालित इस स्वास्थ्य मेला का मकसद महिलाओं और बालिकाओं को स्वस्थ रखना और उनमें स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसीलिए मेला को स्वस्थ नारी शक्ति हमारी नाम दिया गया है। इसके तहत तीन कार्यक्रम किए जाएंगे। इसमें सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक हेल्थ कैंप लगाया जाएगा। इसमें महिलाओं और बालिकाओं का निशुल्क रजिस्ट्रेशन और निशुल्क परामर्श मिलेगा। इस दौरान महिलाओं की कैंसर स्क्रीनिंग, शुगर, ईसीजी, हीमोग्लोबिन की जांच निशुल्क की जाएगी। साथ ही उन्हें सभी ओपीडी जांचों पर 20 फीसद की छूट भी मिलेगी। महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिदिन परिचर्चा आयोजित होगी। हास्पिटल के सेकेंड फ्लोर पर स्थित आडिटोरियम में होने वाली इस परिचर्चा का नाम आमने सामने दिया गया है। इसमें पहले दिन पांच जुलाई को महिलाओं में खून की कमी (एनीमिया) से होने वाली बीमारियां और बचाव की जानकारी दी जाएगी। 6 जुलाई को महिलाओं में बढ़ता कैंसर, कारण और जागरूकता, सात जुलाई को महिलाओं में संक्रामक रोगों से बचाव, गर्भवती महिलाओं और बालिकाओं में टीकाकरण की जरूरत, 8 जुलाई को महिलाओं और बालिकाओं में कुपोषण का स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव, बीमारियां और संतुलित आहार, नौ जुलाई को वृद्धावस्था में स्वास्थ्य समस्याएं, जागरूकता और बचाव की जानकारी दी जाएगी। इस कार्यक्रम में महिलाएं विशेषज्ञों से बात भी कर सकती हैं और अपनी समस्या का समाधान भी पा सकती हैं। इसी के साथ इन्हीं विषयों पर जागरूकता के लिए प्रतिदिन 11 से 11.30 और 2 से 230 बजे नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया जाएगा। ऐसे में महिलाएं और बालिकाएं मेले में शामिल होकर इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं।



- महिलाओँ और बालिकाओं के लिए निशुल्क रजिस्ट्रेशन और परामर्श
- सभी जांचों पर महिलाओं और बालिकाओं को 20 फीसद की रियायत

# सहकारिता की रीड़ की हड्डी पैक्स – राजदत्त पाण्डे

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

लखनऊ/ एटा - आज राजधानी लखनऊ के हजरतगंज स्थित उत्तर प्रदेश सहकारी आवास संघ के सभागार में उत्तर प्रदेश सहकार भारती प्राथमिक कृषि ऋण समिति ( पैक्स ) प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ पैक्स प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक राजदत्त पांडे व सहकार भारती उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष नरेंद्र उपाध्याय ने भारत माता व श्रद्धेय लक्ष्मण राव इनामदार के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। बैठक को संबोधित करते हुए सहकार भारती पैक्स प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक राजदत्त पांडे ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि प्राथमिक कृषि ऋण समितियां ( पैक्स )वह इकाई है जो गांव के किसानों से सीधी जुड़ी है । सहकारिता की रीड की हड्डी पैक्स है और यदि पैक्स नहीं मजबूत है तो सहकारिता नहीं मजबूत है। उन्होंने सहकारिता मंत्रालय द्वारा 63000 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के कंप्यूटरीकरण करने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह निर्णय इस क्षेत्र के लिए वरदान सिद्ध होगा। इस अवसर पर उन्होंने उत्तर प्रदेश के पैक्स प्रकोष्ठ द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की व उन्हें दिशा निर्देशित किया। बैठक को संबोधित करते हुए सहकार भारती उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष नरेंद्र उपाध्याय ने कहा कि पैक्स की मजबूती व सही दिशा में कार्य सहकार भारती का प्रमुख उद्देश्य है और सहकार भारती इस दिशा में अग्रसर है । उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में ग्रामीण स्तर तक पैक्स प्रकोष्ठ की इकाई तैयार करने का लक्ष्य है जिस तरफ संगठन अग्रसर है । प्रदेश संयोजक जय वीर सिंह ने किया बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री कृष्ण कुमार ओझा, प्रदेश संपर्क प्रमुख अशोक शुक्ला ,प्रदेश कोषाध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह , मीडिया प्रभारी विवेक राय, देवेश जी सहित समस्त जिलों के पैक्स प्रकोष्ठ के संयोजक व सह संयोजक व मुख्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

आपका लोकप्रिय दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
ज्वाइन करने का सुनहरा मौका
आवश्यकता है
बरेली मुरादाबाद बदायूं उधम सिंह नगर की सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर रिपोर्टर की
संपर्क करें- 9027776991